आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 28.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

000000

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम–ईएसआईसी, आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना की सुविधाओं को ईएसआईसी में शामिल करके निगम के कर्मचारियों और उनके आश्रितों को स्वास्थ्य सेवाएं देने पर काम कर रहा है। मंत्रालय ने आज जारी एक वक्तव्य में कहा कि इस पहल से ईएसआईसी के 14 करोड़ 43 लाख लाभार्थी और उनके परिजनों को फायदा होगा। मंत्रालय का कहना है कि इस पहल से भारत की गुणवत्तापूर्ण व्यापक चिकित्सा सेवा का लाभ कर्मचारियों को मिलेगा। ये कर्मचारी, देशभर में तीस हजार से अधिक आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य के सूचीबद्ध अस्पतालों में दूसरे और तीसरे स्तर की चिकित्सा सेवा का लाभ ले सकेंगे। इलाज के खर्चों पर कोई वित्तीय सीमा नहीं होगी। मंत्रालय ने कहा कि ईएसआईसी के लाभार्थियों के इलाज के लिए देशभर के चैरिटेबिल अस्पताल भी सूचीबद्ध किए जाएंगे।

00000

विद्युत मंत्रालय के तहत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की ओर से ऊर्जा संरक्षण विषय पर आज दोपहर में जयपुर में राज्यस्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। राजधानी के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित इस प्रतियोगिता में ग्रुप–ए के तहत पांचवी से सातवी कक्षा के विद्यार्थी और ग्रुप बी के तहत आठवी से दसवीं कक्षा के विद्यार्थी भाग ले रहे है। प्रतियोगिता के बाद चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। गौरतलब है कि विद्युत मंत्रालय ऊर्जा संरक्षण को लेकर देशभर में ये प्रतियोगिताएं करवा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण के मुद्दे के प्रति संवेदनशील बनाना है। प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर किया जाना है।

000000

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो सिरोही की ओर से बालोतरा के सिवाना में दो दिवसीय मल्टी मीडिया प्रदर्शनी लगाई जा रही है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रही प्रदर्शनी में विकसित भारत–2047 का थीम पर केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का शुभारंभ कल सिवाना प्रधान मुकनसिंह राज पुरोहित ने किया। इस दौरान निबंध, पेंटिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। बाड़मेर के राजस्थान लोक कला मंडल के कलाकारों ने देशभक्ति और विकसित भारत पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

00000

जालोर के सायला थाना इलाके में पोषाणा गांव में सरकारी स्कूल की दीवार गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। एक गंभीर घायल को अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। थानाधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि पोषाणा गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में भवन निर्माण का काम चल रहा था। यहां नींव भरने के दौरान स्कूल की पुरानी दीवार गिरने से चार मजदूर मलबे में दब गए। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से सभी को बाहर निकाला। मलबे में दबने से तीन मजदूरों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि एक मजदूर को गंभीर हालत में सायला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

000000

भीलवाड़ा जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आज से अमृता हाट मेले का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिन तक चलने वाले इस मेले में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा बनाये गये उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसमें महिला उद्यमियों द्वारा लाख की चुड़ियां, चद्दर, साड़ी, कुर्तियां, सूट के साथ खाद्य सामग्री में पापड़, मसाले और हेंडीक्राफ्ट के आईटम बिकी के लिए उपलब्ध कराये गये है। मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जायेगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यकमों में लोकनृत्य की भी प्रस्तुतियां होगी।

00000

प्रदेश में राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में तापमान में उतार चढाव के बीच आज सर्दी के असर में कुछ बढोतरी हुई है। बारां से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां सुबह और शाम तेज सर्दी महसूस की जा रही है। वहीं भीलवाडा और हनुमानगढ़ में भी सर्दी का असर बढा है। अजमेर में देर रात और सुबह के वक्त कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में मौसम शुष्का रहा। रात का सबसे कम 6 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस तापमान सीकर के फतेहपुर में दर्ज किया गया।

00000